**भारत सरकार**

**श्रम और रोजगार मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 69**

**सोमवार, 03 फरवरी, 2025 / 14 माघ, 1946 (शक)**

**केरल में ईएसआई अस्पताल**

**69. श्री हैबी ईडन:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वित्तीय वर्ष 2019-20, 2020-21, 2021-22, 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के लिए केरल के एर्नाकुलम जिले में कार्यरत कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) अस्पतालों के लिए आवंटित किए जाने की संभावना वाली धनराशि का अस्पताल-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का विचार केरल के एर्नाकुलम जिले में कार्यरत ईएसआई अस्पतालों को उन्नत और आधुनिक बनाने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार केरल के एर्नाकुलम जिले में कार्यरत सभी कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) अस्पतालों में सुविधाओं को उन्नत करने की योजना बना रही है/प्रस्ताव रखती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने ईएसआईसी के तहत प्रत्येक राज्य में एक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल खोलने की योजना बनाई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार को केरल में नए अस्पताल स्थापित करने के लिए कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**

**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क) से (ख): वर्तमान में, एर्नाकुलम जिले में दो कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) अस्पताल कार्यरत हैं, यथा (i) एर्नाकुलम में राज्य द्वारा संचालित ईएसआई अस्पताल और (ii) ईएसआईसी अस्पताल, उद्योगमंडल। ईएसआईसी अस्पताल, उद्योगमंडल के लिए स्वीकृत निधियों और राज्य द्वारा संचालित ईएसआई अस्पताल, एर्नाकुलम के संबंध में वार्षिक मरम्मत और रखरखाव के लिए आबंटित निधियों का विवरण संलग्न है। राज्य द्वारा संचालित अस्पताल के मामले में ईएसआई लाभार्थियों को चिकित्सा सेवाओं का पर्याप्त प्रावधान करने के लिए ईएसआईसी 'ऑन अकाउंट' भुगतान के तहत राज्य सरकार को धन जारी करता है। अस्पताल-वार निधि राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाती है।

(ग) ईएसआई कॉरपोरेशन ने ईएसआईसी अस्पताल, उद्योगमंडल को 100 से 150 बिस्तरों तक आपग्रेड करने की मंजूरी दे दी है।

(घ) और (ङ): ईएसआई अस्पताल की स्थापना एक सतत प्रक्रिया है। ईएसआई निगम ने ईएसआई लाभार्थियों को चिकित्सा सेवाओं की आपूर्ति में सुधार करने के लिए केरल राज्य सरकार से प्राप्त अनुरोध के आधार पर दो नए 100 बिस्तरों वाले यथा पेरामबवूर (जिला: एर्नाकुलम) और कट्टप्पना (जिला: इडुक्की) में एक ईएसआई अस्पताल की स्थापना के लिए 'सैद्धांतिक' मंज़ूरी दे दी है।

*                                    *****

**अनुबंध**

**"केरल में ईएसआई अस्पताल" के संबंध में श्री हैबी ईडन द्वारा दिनांक 03.02.2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 69 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

**कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) अस्पताल, उद्योगमंडल के लिए स्वीकृत निधि का ब्यौरा**

| क्र. सं | वर्ष | संस्वीकृत राशि (लाख में रु.) |
|---|---|---|
| 1 | 2021-22 | Rs. 8588.89 |
| 2 | 2022-23 | Rs. 10029.12 |
| 3 | 2023-24 | Rs. 9841.22 |
| 4 | 2024-25 | Rs. 11893.97 |

**एर्नाकुलम में ईएसआई अस्पताल के संबंध में वार्षिक मरम्मत और रखरखाव और विशेष मरम्मत कार्यों के लिए आबंटित निधि का ब्यौरा**

(राशि: रु. में)

| स्थान | 2019- 20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2023- 24 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ईएसआईएच एर्नाकुलम और संलग्न स्थानों | 74,13,059 | 44,33,117 | 52,52,063 | 74,38,340 | 29,46,979 | 33,85,026* |

* दिनांक 23.01.2025 तक

स्रोत: कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी)

****